Series : 1ZYXW

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/1/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । ~ | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*(iii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए ।*

*(iv)* ***3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर **50** से **75** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* ***4** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***6** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

1. स्थिर वित्तीय व्ययों जैसे ब्याज का भुगतान तथा अन्य दायित्वों के पुनर्भुगतान में असमर्थता सम्बन्धी जोखिम जाना जाता है : **1**

(A) प्रचालन जोखिम
(B) वित्तीय जोखिम
(C) व्यवसाय जोखिम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. बिमल रॉय फनी बनी लिमिटेड में कार्यरत है । कम्पनी बच्चों के खेल एवं खिलौने बनाती है । बिमल रॉय का मुख्य कार्य विभिन्न तत्त्वों में एकता तथा विभिन्न विभागों के कार्यों में सामंजस्य स्थापित करना है । वह फर्म के जीवन के लिए व्यवसाय के पर्यावरण एवं उसके प्रभाव का विश्लेषण भी करता है । प्रबन्ध का वह स्तर जिस पर बिमल रॉय कार्यरत है, वह है **1**

(A) उच्च स्तर
(B) मध्यम स्तर
(C) प्रचालन स्तर
(D) दोनों मध्यम एवं प्रचालन स्तर

3. सलीम तथा करीम अच्छे दोस्त हैं । जैविक सब्जियाँ उगाने के लिए उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के विक्रय का व्यवसाय प्रारम्भ किया । वे सब्जियों के बीजों की 200 किस्में प्रस्तावित कर रहे हैं जो छतों पर, बालकनी तथा घर के पिछले भागों में उद्यान लगाने के लिए उपयुक्त हैं । स्वस्थ उपभोग आदतों के प्रति बढ़ती हुई प्रवृत्ति के कारण, उनके बीजों की माँग काफी अधिक है ।

उपरोक्त में चर्चित व्यावसायिक पर्यावरण का आयाम है : **1**

(A) आर्थिक पर्यावरण
(B) राजनैतिक पर्यावरण
(C) सामाजिक पर्यावरण
(D) कानूनी/वैधिक पर्यावरण

***General Instructions :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to the questions carrying* ***3*** *marks may be from* ***50*** *to* ***75*** *words.*

*(v)* *Answers to the questions carrying* ***4*** *marks may be in about* ***150*** *words.*

*(vi)* *Answers to the questions carrying* ***6*** *marks may be in about* ***200*** *words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

1. The risk related to inability to meet fixed financial charges like interest payment and other repayment obligations is known as : **1**

    (A) Operating risk (B) Financial risk

    (C) Business risk (D) None of the above

2. Bimal Rai is working in Funny Bunny Ltd. The company manufactures games and toys for children. The basic task of Bimal Rai is to integrate diverse elements and coordinate the activities of different departments. He also analyses the business environment and its implications for the survival of the firm. The level of management at which Bimal Rai is working is : **1**

    (A) Top level (B) Middle level

    (C) Operational level (D) Both Middle and Operational level

3. Salim and Karim are good friends. They started a business of selling high quality seeds for growing organic vegetables. They are offering 200 varieties of vegetable seeds suitable for terrace gardens, balconies and backyards. Due to the growing trend towards healthy consumption habits, there is a huge demand for their seeds. The dimension of business environment being discussed above is : **1**

    (A) Economic Environment (B) Political Environment

    (C) Social Environment (D) Legal Environment


4. श्रीधन एक इलेक्ट्रिक कार खरीदना चाहता है । वह एक कार कम्पनी के खुदरा शोरूम में गया जहाँ इन कारों का प्रदर्शन किया गया था । इस शोरूम के विपणन प्रबन्धक ने श्रीधन को बताया कि कम्पनी ऋण सुविधा, रखरखाव की सुविधा तथा अन्य बहुत-सी सुविधाएँ प्रदान करती है जो बार-बार क्रय करने तथा उनकी कारों के प्रति ब्राण्ड निष्ठा विकसित करने में सहायता करती है ।
उपरोक्त स्थिति में विपणन प्रबन्धक द्वारा चर्चित विपणन का कार्य है : 1

(A) उत्पाद का रूपांकन तथा विकास
(B) विपणन नियोजन
(C) ग्राहक समर्थन सेवाएँ
(D) ब्रांडिंग

5. निम्नलिखित में से कौन सा कथन विपणन की विशेषता 'विनिमय पद्धति' के सम्बन्ध में सही है ? 1

(A) विनिमय के लिए कम-से-कम तीन पक्षों की भागीदारी होनी आवश्यक है ।
(B) प्रत्येक पक्ष को अन्य पक्षों के प्रस्ताव को अस्वीकार करने की स्वतंत्रता नहीं होनी चाहिए ।
(C) प्रत्येक पक्ष को प्रस्ताव को स्वीकार करने की बाध्यता होनी चाहिए ।
(D) विनिमय के लिए प्रत्येक पक्ष का दूसरे पक्ष को कोई मूल्ययुक्त वस्तु देने में सक्षम होना आवश्यक है ।

6. एक जागरूक उपभोक्ता के विभिन्न उत्तरदायित्वों में से एक है केवल मानकीकृत वस्तुएँ खरीदना क्योंकि ये गुणवत्ता का आश्वासन प्रदान करती हैं ।
नीचे दिए गए चित्र में एक उपभोक्ता द्वारा देखे जाने वाले गुणवत्ता प्रमाणक मार्क को पहचानिए : 1



(A) आई एस आई मार्क
(B) एगमार्क
(C) हॉलमार्क
(D) एफ पी ओ/एफ एस एस ए आई मार्क

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :**

मधु अपनी बेटी की शादी के लिए ज्वैलरी खरीदना चाहती है । ज्वैलरी खरीदते समय निम्नलिखित में से वह कौन सा गुणवत्ता मार्क देखे :

(A) एफ पी ओ/एफ एस एस ए आई मार्क
(B) आई एस आई मार्क
(C) हॉलमार्क
(D) ईकोमार्क


4. Shridhan wanted to purchase an electric car. He visited a retail showroom of a car company where these cars were displayed. The Marketing Manager of this showroom told Shridhan that the company offers credit facilities, maintenance services and many other services that help in bringing repeat sales and developing brand loyalty for their cars. The marketing function being discussed by the Marketing Manager in the above case is **1**

(A) Product Designing and Development
(B) Marketing Planning
(C) Customer Support Services
(D) Branding

5. Which of the following statement is correct with respect to 'Exchange Mechanism', a feature of Marketing ? **1**

(A) For an exchange it is necessary that there should be involvement of atleast three parties.
(B) The parties do not have the freedom to reject other parties offer.
(C) The acceptance of the offer for each party has to take place on the basis of compulsion.
(D) For an exchange it is necessary that each party should be capable of offering something of value to the other.

6. One of the responsibilities of an aware consumer is to buy only standardised goods as they provide quality assurance. Identify the quality certification mark to be seen by a consumer in the picture given below : **1**



(A) ISI Mark (B) Agmark
(C) Hallmark (D) FPO/FSSAI Mark

**<u>For Visually Impaired Candidates :</u>**

Madhu wants to buy Jewellery for her daughter's marriage. Which of the following quality certification mark should she look for while buying Jewellery :

(A) FPO/FSSAI Mark (B) ISI Mark
(C) Hallmark (D) Eco-mark

7. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड का सुरक्षात्मक कार्य नहीं है : 1

(A) धोखाधड़ी एवं अनुचित व्यापार व्यवहारों पर प्रतिबंध लगाती है ।

(B) भीतरी/आंतरिक व्यापार पर नियंत्रण करना तथा इस प्रकार के व्यवहारों पर दंड लगाना ।

(C) प्रतिभूति बाज़ार में उचित व्यवहारों एवं आचार-संहिता को बढ़ावा देना ।

(D) लचीला दृष्टिकोण अपनाकर पूँजी बाज़ार को विकसित करने के लिए कदम उठाना ।

8. यहाँ दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) तथा कारण (R) । 1

**अभिकथन (A)** : लीड टाइम जितना अधिक होगा माल को उतनी ही अधिक मात्रा में संगृहित करने की आवश्यकता होगी तथा उतनी ही अधिक कार्यशील पूँजी की आवश्यकता होगी ।

**कारण (R)** : यदि कच्चा माल निर्विघ्न रूप में उपलब्ध नहीं होता है तो कच्चे माल के भारी स्टॉक की आवश्यकता होगी ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) असत्य है तथा कारण (R) सत्य है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

9. वैयक्तिक विक्रय के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है : 1

(A) यह सम्प्रेषण का अवैयक्तिक रूप है ।

(B) वैयक्तिक विक्रय विक्रयकर्त्ताओं को संभावित उपभोक्ताओं के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध विकसित करने की अनुमति नहीं देता ।

(C) वैयक्तिक विक्रय में विक्रय के उद्देश्य से एक या अधिक संभावित उपभोक्ताओं के साथ संदेश की मौखिक प्रस्तुति सम्मिलित है ।

(D) वैयक्तिक विक्रय से तात्पर्य लघु अवधि प्रेरणाओं से है, जो क्रेताओं को वस्तु अथवा सेवाओं के तुरंत क्रय करने के लिए प्रेरित करने के लिए होती हैं ।

7. Which of the following is not a protective function of Securities and Exchange Board of India : **1**

(A) Prohibition of fraudulent and unfair trade practices.

(B) Controlling insider trading and imposing penalties for such practices.

(C) Promotion of fair practices and code of conduct in securities market.

(D) Undertaking measures to develop the capital markets by adapting a flexible approach.

8. There are two Statements, Assertion (A) and Reason (R). **1**

**Assertion (A) :** Larger the lead time, larger is the quantity of material required to be stored and larger shall be the amount of working capital required.

**Reason (R) :** If the raw material do not have a record of un-interrupted availability, higher stock levels may be required.

Choose the correct alternative from the alternatives given below :

(A) Assertion (A) is false and Reason (R) is true.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

(C) Assertion (A) is true and Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

9. Which of the following statement is correct about personal selling : **1**

(A) It is an impersonal form of communication.

(B) Personal selling does not allow a sales person to develop personal relationships with the prospective customers.

(C) Personal selling involves oral presentation of message in the form of conversation with one or more prospective customers for the purpose of making a sale.

(D) Personal selling refers to short-term incentives, which are designed to encourage the buyers to make immediate purchase of a product or service.

10. निम्नलिखित दो कथनों अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए : 1

**अभिकथन (A) :** समन्वय कार्यवाही में एकता लाता है ।

**कारण (R) :** समन्वय विभागों को जोड़ने की शक्ति का कार्य करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि सभी क्रियाएँ संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से की जाती हैं ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

11. अनौपचारिक संगठन में अधिकार _________ उत्पन्न होते हैं । 1

(A) प्रबन्ध के स्तर की क्षमता के अनुसार

(B) कम्पनी के नियमों एवं नीतियों से

(C) सोपान श्रृंखला से

(D) व्यक्तिगत गुणों से

12. एचजी एयर कंडीशनर प्राइवेट लिमिटेड अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्य से एक माह पीछे चल रही है । उच्च माँग होने के बावजूद कम्पनी अपने उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही है । कर्मचारियों का प्रशिक्षण, परियोजना के लिए अतिरिक्त संयंत्र एवं कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे कदम उठाने के बाद भी लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हो सकी है । अब उत्पादन प्रबन्धक ने मानकों को संशोधित करने का निर्णय लिया है ।

नियंत्रण प्रक्रिया के उस चरण को पहचानिए जिसके अन्तर्गत उत्पादन प्रबन्धक ने मानकों को संशोधित करने का निर्णय लिया है । 1

(A) निष्पादन मानकों का निर्धारण

(B) वास्तविक निष्पादन की माप

(C) विचलनों का विश्लेषण

(D) सुधारात्मक कार्यवाही करना

10. There are two statements, Assertion (A) and Reason (R) : 1

**Assertion (A) :** Coordination ensures unity of action.

**Reason (R) :** Coordination act as a binding force between departments and ensures that all action is aimed at achieving the goals of the organisation.

Choose the correct alternative from the alternatives given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is wrong.

(D) Assertion (A) is wrong, but Reason (R) is correct.

11. In an informal organisation, authority arises out of _________. 1

(A) Virtue of position in management

(B) Company's rules and policies

(C) Scalar chain

(D) Personal qualities

12. HG Air Conditioner Pvt. Ltd. is lagging behind its scheduled production target by a month. Despite a high demand, the company is struggling to meet its production target. Even after taking measures like training of employees and assigning additional workers and equipment to the project, the targets could not be met. The Production Manager, now, decided to revise the standards.

Identify the step of the controlling process under which the Production Manager decided to revise the standards. 1

(A) Setting performance standards

(B) Measurement of actual performance

(C) Analysing deviations

(D) Taking corrective action

13. **कथन – I** : अभिप्रेरणा एक जटिल प्रक्रिया है क्योंकि मनुष्यों की अपेक्षाओं, अवबोधन तथा प्रतिक्रियाओं में भिन्नता होती है ।

**कथन – II** : अभिप्रेरणा सकारात्मक भी हो सकती है और नकारात्मक भी ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है ।
(B) कथन II सत्य है तथा कथन I असत्य है ।
(C) कथन I तथा कथन II दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन I तथा कथन II दोनों असत्य हैं ।

14. एल्फा ग्राफिक्स लिमिटेड एक प्रसिद्ध भारतीय कम्पनी है जो बहुत वर्षों से इस व्यवसाय में है । कम्पनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रोहित गुप्ता सदैव व्यावसायिक पर्यावरण को समझने और साथ ही उसका उत्तर देने एवं उसे अपनाने में विश्वास रखता है ।

जब उसे पता चला कि एक विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनी, लेनो ग्राफिक्स, भारतीय बाज़ार में इसके नए विकल्पों के साथ प्रवेश कर रही है तो उसने इस खतरे का सामना करने के लिए लागत में कमी करके तथा अच्छी गुणवत्ता वाले एवं सौन्दर्यात्मक रूप से आकर्षित करने वाले नक्शे, विज्ञापन, लोगोस् इत्यादि तैयार किए । परिणामस्वरूप एल्फा ग्राफिक्स लिमिटेड न केवल अपने उपभोक्ताओं को बनाए रख सकी अपितु उसे नई परियोजनाएँ भी मिलने लगीं ।

उपरोक्त में चर्चित व्यावसायिक पर्यावरण के महत्त्व का बिन्दु है : **1**

(A) उपयोगी संसाधनों का दोहन
(B) खतरे की पहचान एवं समय से पहले चेतावनी में सहायक
(C) निष्पादन में सुधार
(D) अवसरों की पहचान करने एवं पहल करने के लाभ

15. संगठन कार्यों तथा तत्सम्बन्धित कर्त्तव्यों का स्पष्ट विवरण देता है । यह भ्रम एवं पुनरावृत्ति से बचाने में सहायता करता है ।

उपरोक्त चर्चित संगठन के महत्त्व का बिन्दु है : **1**

(A) परिवर्तनों का अनुकूलन
(B) प्रभावी प्रशासन
(C) कार्मिकों का विकास
(D) विकास एवं विस्तार

13. **Statement – I** : Motivation is a complex process as individuals are heterogeneous in their expectations, perceptions and reactions.

**Statement – II** : Motivation can be either positive or negative.

Choose the correct option from the following : **1**

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement II is true and Statement I is false.

(C) Both Statement I and Statement II are true.

(D) Both Statement I and Statement II are false.

14. Alfa Graphics Ltd. was a reputed Indian company which had been in business for many years. The Chief Executive Officer of the company, Rohit Gupta always believed in understanding the business environment as well as responding and adapting to it.

When he found that a foreign multinational company, Leno Graphics, is entering the Indian market with new substitutes, he prepared to meet this threat by reducing cost and creating good quality and aesthetically appealing layouts, advertisements, logos etc. As a result, Alfa Graphics Ltd. was not only able to retain its own customers, but also started getting new projects.

The point of importance of Business Environment discussed above is : **1**

(A) Tapping useful resources.

(B) Identifying threats and early warning signals

(C) Improving performance

(D) Identifying opportunities and getting first mover advantage.

15. Organising provides a clear description of jobs and related duties. This helps to avoid confusion and duplication.

The point of importance of organizing described above is : **1**

(A) Adaptation to change

(B) Effective administration

(C) Development of personnel

(D) Expansion and growth

16. **कथन – I** : कम्पनियों द्वारा अधिग्रहण हेतु बोलियों पर नियंत्रण भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के नियमनकर्त्ता कार्यों में से एक है ।

**कथन – II** : प्रतिभूति बाज़ार के मध्यस्थों का प्रशिक्षण भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विकासपूर्ण कार्यों में से एक है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) कथन I सही है तथा कथन II गलत है । (B) कथन II सही है तथा कथन I गलत है ।

(C) कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं । (D) कथन I तथा कथन II दोनों गलत हैं ।

17. 'उच्च दर की मूल्य वृद्धि का सामान्यत: व्यावसायिक उद्यमों पर दबाव पड़ता है क्योंकि यह व्यवसाय की विभिन्न लागतों में वृद्धि करते हैं जैसे कच्चे माल का क्रय तथा कर्मचारियों को मज़दूरी तथा वेतन का भुगतान इत्यादि ।'

उपरोक्त में चर्चित व्यावसायिक पर्यावरण का आयाम है : 1

(A) राजनैतिक पर्यावरण (B) तकनीकी पर्यावरण

(C) सामाजिक पर्यावरण (D) आर्थिक पर्यावरण

18. कॉलम – I में दी गई विपणन की अवधारणाओं का कॉलम – II में दी गई उनकी सम्बन्धित व्याख्या से मिलान कीजिए : 1

| कॉलम – I | कॉलम – II |
|---|---|
| (a) उत्पाद अवधारणा | (i) इसका मुख्य केन्द्र बिन्दु उत्पाद की गुणवत्ता, निष्पादन एवं विशेषताओं से है । |
| (b) विक्रय अवधारणा | (ii) इसका मुख्य केन्द्र बिन्दु उपभोक्ता आवश्यकताओं की संतुष्टि से है । |
| (c) विपणन अवधारणा | (iii) इसका मुख्य केन्द्र बिन्दु क्रेता को विद्यमान उत्पाद क्रय करने के लिए आक्रामक तरीके से तैयार करना है । |
| (d) समाज अवधारणा | (iv) इसका मुख्य केन्द्र बिन्दु उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की संतुष्टि एवं समाज कल्याण है । |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

16. **Statement – I** : Regulation of takeover bids by companies is one of the Regulatory functions of Securities and Exchange Board of India.

**Statement – II** : Training of intermediaries of securities market is one of the Development functions of Securities and Exchange Board of India.

Choose the correct option from the following : **1**

(A) Statement I is correct and Statement II is incorrect.

(B) Statement II is correct and Statement I is incorrect.

(C) Both Statement I and Statement II are correct.

(D) Both Statement I and Statement II are incorrect.

17. 'High inflation rates generally result in constraints on business enterprises as they increase the various costs of business such as the purchase of raw materials and payment of wages and salaries to employees etc.' The dimension of business environment referred to above is : **1**

(A) Political Environment (B) Technological Environment

(C) Social Environment (D) Economic Environment

18. Match the concepts of marketing in Column – I with their respective explanations in Column – II : **1**

| **Column – I** | **Column – II** |
|---|---|
| (a) Product concept | (i) Its main focus is on quality, performance and feature of the product. |
| (b) Selling concept | (ii) Its main focus is on satisfaction of customer needs. |
| (c) Marketing concept | (iii) Its main focus is on aggressively persuading buyer to purchase the existing product. |
| (d) Societal concept | (iv) Its main focus is on satisfaction of customer needs and society's well-being. |

Choose the correct options from the following :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

19. साधना, एक प्रसिद्ध प्रबन्ध संस्थान से स्नातक है तथा एक सफल प्रबन्धक है । वह अपने प्राप्त ज्ञान का उपयोग कार्य की कठिन परिस्थितियों में व्यक्तिगत एवं कौशलपूर्ण तरीके से करती है । इन परिस्थितियों का सामना करने के लिए वह अपनी कल्पनाशक्ति एवं रचनात्मकता का उपयोग करती है ।

उपरोक्त स्थिति में प्रबन्ध की प्रकृति के जिस पहलू पर प्रकाश डाला गया है, वह है : **1**

(A) प्रबन्ध एक कला के रूप में

(B) प्रबन्ध एक विज्ञान के रूप में

(C) प्रबन्ध एक पेशे के रूप में

(D) प्रबन्ध एक विज्ञान एवं एक पेशे दोनों के रूप में

20. 'प्रबन्ध के सिद्धान्तों में परिस्थिति की माँग के अनुसार प्रबन्धक सुधार कर सकते हैं ।' यह कथन प्रबन्ध के सिद्धान्तों की निम्नलिखित में से किस विशेषता पर प्रकाश डालता है : **1**

(A) सामान्य मार्गदर्शन

(B) लोच

(C) अनिश्चित

(D) मुख्यत: व्यावहारिक

21. पी. माधव एक फर्म 'ट्रेंडी स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड' के उत्पादन प्रबन्धक हैं, जो ऑफिस फर्नीचर का उत्पादन करती है । उसका उद्देश्य अगले एक वर्ष में उत्पादन को 20% बढ़ाना है । लेकिन विक्रय प्रबन्धक, आर. शेट्टी तब तक उत्पादन में वृद्धि की अनुमति नहीं देते जब तक लकड़ी की गुणवत्ता, तालों व हैंडल इत्यादि में नवीनतम प्रचलनों को सम्मिलित कर परिवर्तन नहीं लाए जाते । इस प्रकार का टकराव प्रबन्ध की एक महत्त्वपूर्ण अवधारणा को प्रकाश में लाता है जो विभिन्न विभागों की गतिविधियों में एक कड़ी का कार्य करने में सहायता कर सकता है । **3**

(i) उपरोक्त चर्चित अवधारणा को पहचानिए एवं समझाइए ।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचानी गई अवधारणा के महत्त्व के किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

19. Sadhna, a graduate of a reputed institute of management, is a successful manager. She applies her acquired knowledge in a personalised and skillful manner in difficult situations at work. She uses her imagination and creativity in handling these situations.

The aspect of the nature of management highlighted in the above case is : **1**

(A) Management as an Art

(B) Management as a Science

(C) Management as a Profession

(D) Management both as a Science and as a Profession

20. 'The principles of management can be modified by the managers when the situation so demands.' This highlights which of the following feature of principles of management : **1**

(A) General guidelines

(B) Flexible

(C) Contingent

(D) Mainly behavioural

21. P. Madhav is the production manager of 'Trendy Style Pvt. Ltd.', a firm manufacturing office furniture. His objective is to increase production by 20% in the next one year. But the Sales Manager, R. Shetty does not approve of the increase in production, till changes are brought about in the quality of wood, locks, handles etc. to incorporate latest trends. This kind of conflict brings to light an important concept of management that can help to link the activities of various departments. **3**

(i) Identify and explain the concept discussed above.

(ii) State any two points of importance of the concept identified in (i) above.

22. (a) ‘सम्प्रेषण’ का अर्थ दीजिए । सम्प्रेषण प्रक्रिया के प्रथम दो तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । 3

**अथवा**

(b) सम्प्रेषण की किन्हीं तीन ‘संगठनिक बाधाओं’ का उल्लेख कीजिए । 3

23. माधवन को छ: महीने पूर्व ‘हेल्थ ग्रो लिमिटेड’ का मानव संसाधन प्रबंधक नियुक्त किया गया । एक मानव संसाधन प्रबन्धक के रूप में उसे विभिन्न विशिष्ट गतिविधियों एवं कर्त्तव्यों को निष्पादित करना होता है जैसे विभिन्न कार्यों के बारे में सूचना एकत्रित करके तथा कार्यों का विवरण तैयार करके कार्यों का विश्लेषण करना, कर्मचारियों का प्रशिक्षण तथा विकास इत्यादि ।

हेल्थ ग्रो लिमिटेड के मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में उपरोक्त के अतिरिक्त माधवन द्वारा आवश्यक रूप से निष्पादित की जाने वाली तीन अन्य विशिष्ट गतिविधियों का उल्लेख कीजिए । 3

24. (a) वित्तीय नियोजन के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । 3

**अथवा**

(b) एक कम्पनी की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन घटकों का उल्लेख कीजिए । 3

25. (a) प्रबन्ध के ‘निर्देशन’ कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । 4

**अथवा**

(b) भर्ती के आन्तरिक स्रोतों की किन्हीं चार सीमाओं का उल्लेख कीजिए । 4

26. (a) भर्ती के निम्नलिखित बाह्य स्रोतों को समझाइए : 4

(i) प्रत्यक्ष भर्ती

(ii) प्रतीक्षा सूची

**अथवा**

(b) निम्नलिखित गैर-वित्तीय प्रोत्साहनों को समझाइए जो कर्मचारियों को उच्च निष्पादन के लिए अभिप्रेरित करते हैं : 4

(i) कर्मचारियों की भागीदारी

(ii) संगठनिक वातावरण

22. (a) Give meaning of 'Communication'. State first two elements in the process of communication. 3

**OR**

(b) State any three 'Organisational barriers' to Communication. 3

23. Madhwan was appointed as a Human Resource Manager in 'Health Grow Ltd.' six months back. As a Human Resource Manager, he has to perform many specialised activities and duties like analyzing jobs by collecting information about jobs and prepare job descriptions, training and development of employees etc.

State three other specialized activities that Madhwan must perform in addition to the above as a Human Resource Manager of Health Grow Ltd. 3

24. (a) State any three points of importance of Financial Planning. 3

**OR**

(b) State any three factors that affect the fixed capital requirements of a company. 3

25. (a) State any four points of importance of 'Directing' function of Management. 4

**OR**

(b) State any four limitations of internal sources of recruitment. 4

26. (a) Explain the following external sources of recruitment : 4

(i) Direct Recruitment

(ii) Casual Callers

**OR**

(b) Explain the following non-financial incentives which motivate employees for higher performance : 4

(i) Employee participation

(ii) Organisational climate

27. आभा के घर पर मेहमान थे । उसने 'बिरयानी हाऊस' से शाकाहारी बिरयानी का आदेश दिया । बिरयानी एक सुंदर पैकेजिंग में आई और आभा ने इसे बहुत अधिक उत्सुकता के साथ खोला । लेकिन जब उसने मेहमानों को बिरयानी परोसनी आरंभ की, उसे लगा कि यह मांसाहारी बिरयानी थी । उसने पैकेज को जाँचा और यह पाया कि उसके ऊपर ऐसा कोई संकेत नहीं था कि यह बिरयानी शाकाहारी है या मांसाहारी । उसने इसके लिए 'बिरयानी हाऊस' से सम्पर्क किया । 'बिरयानी हाऊस' के मैनेजर ने इसके लिए क्षमा माँगी और एक शाकाहारी बिरयानी अतिरिक्त मिष्ठान के साथ तुरंत भेज दी ।

उपरोक्त स्थिति में चर्चित दो उपभोक्ता अधिकारों को पहचानिए एवं समझाइए । 4

28. 'टैक वर्क' एक आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता AI) का नया छोटा उद्यम है जिसका आरंभ 2024 में किया गया । यह अच्छे लाभ अर्जित कर रहा था । यह अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहता था और इसके अनुसंधान और विकास के लिए इसे ₹ 100 करोड़ की आवश्यकता थी ।

'टैक वर्क' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने वित्तीय प्रबन्धक से विचार-विमर्श किया जिसने सुझाव दिया कि एक ऐसा बाज़ार है जो नए उद्यमों को स्थापित करने अथवा विद्यमान का विकास करने के लिए निवेश योग्य निधि को प्रतिभूतियों के निर्गमन द्वारा बचतकर्त्ताओं से उद्यमियों की ओर हस्तान्तरित करने में सहायता करता है ।

'टैक वर्क' के प्रबन्धन ने निर्णय लिया कि वे कोषों को जुटाने के लिए पहली बार ₹ 200 प्रति अंश की दर से निवेशकों को समता अंशों का निर्गमन करेंगे ।

(i) पूँजी बाज़ार के उस प्रकार का नाम बताइए जिसके माध्यम से 'टैक वर्क' ने अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए कोषों को जुटाने का निर्णय लिया ।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचाने गए बाज़ार की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 4

29. गणेश जैन 'के एल फूड्स लिमिटेड' में विपणन प्रबन्धक है । उसके पास चार कर्मचारियों का एक समूह है जो उसके अधीन कार्य करता है – काव्या, रितेश, पूजा तथा माधव । काव्या तथा रितेश अस्थायी कर्मचारी हैं जबकि पूजा तथा माधव की नौकरी स्थायी है । ये चारों बहुत मेहनत से कार्य कर रहे हैं और लगातार अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं । गणेश जैन उनके अच्छे निष्पादन के लिए उन्हें पुरस्कृत करना चाहता है । वह समझता है कि सभी मनुष्यों में आवश्यकताओं का एक अनुक्रम विद्यमान होता है । अत: उसने प्रत्येक कर्मचारी की आवश्यकता के स्तर को पहचाना ताकि वह उन्हें अभिप्रेरित कर सके ।

एक अच्छी पैंशन योजना के साथ काव्या और रितेश की नौकरी स्थायी कर दी गई जबकि पूजा तथा माधव को स्वायत्त सत्ता दे दी गई ।

(i) उपरोक्त स्थिति में गणेश जैन द्वारा अभिज्ञात की गई कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पहचानिए एवं उनका उल्लेख कीजिए ।

(ii) ऐसी किन्हीं दो मान्यताओं का उल्लेख कीजिए जिस पर मास्लो का आवश्यकता-क्रमबद्धता सिद्धान्त आधारित है । 4

27. Abha had guests at home. She ordered vegetable, biryani from 'Biryani House'. The biryani came in a beautiful packaging and Abha opened it with lot of excitement. However, when she started serving biryani to the guests, she realised that it was non-vegetarian. She checked the package and noticed that there was no indication whether it was a vegetarian or non-vegetarian biryani. She contacted 'Biryani House' for the same. The manager at 'Biryani House' apologized and immediately sent a vegetarian biryani along with complimentary sweet dish.

Identify and explain the two consumer rights discussed in the above case. 4

28. 'Tech Work' an Artificial Intelligence (AI) startup started in 2024. It was earning good profits. It wanted to expand its business and for its research and development, it required ₹ 100 crores.

The Chief Executive Officer of 'Tech Work' consulted the Finance Manager who suggested that there is a market which facilitates transfer of investible funds from savers to entrepreneurs seeking to establish new enterprises or expand existing ones through the issue of securities.

The management of 'Tech Work' decided to raise funds from the investors by issuing equity shares @ ₹ 200 per share for the first time.

(i) Name the type of capital market through which 'Tech Work' decided to raise funds for its expansion.

(ii) State three features of the market identified in (i) above. 4

29. Ganesh Jain is the Marketing Manager at 'KL Foods Ltd'. He has a team of four employees working under him – Kavya, Ritesh, Pooja and Madhav. Kavya and Ritesh are temporary employees while Pooja and Madhav's job is permanent. All four of them have been working hard and consistently met all targets. Ganesh Jain wanted to reward them for their good performance. He understood that in all human beings, there exists a hierarchy of needs. So, he identified the need level of each of the employees to provide motivation to them.

Kavya and Ritesh were made permanent in the job with a good pension plan while Pooja and Madhav were given an autonomy status.

(i) Identify and state the need of employees recognized by Ganesh Jain in the above case.

(ii) State any two assumptions on which Maslow's Need Hierarchy Theory is based on. 4

30. वी के लिमिटेड एक तेज़ी से बढ़ती उपभोक्ता वस्तुओं की कम्पनी है । इसके अंशधारी सम्पूर्ण भारत में फैले हुए हैं । इसके अधिकांश अंशधारी अपने निवेश से प्राप्त नियमित आय पर निर्भर हैं ।

वी के लिमिटेड लगातार लाभ अर्जित कर रही है । लाभांश के भुगतान के लिए कम्पनी का प्रबंधन अंशधारियों की प्राथमिकता को ध्यान में रखता है । साधारणतया इसके अंशधारी यह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष कम-से-कम एक निश्चित राशि का भुगतान लाभांश के रूप में किया जाए, अत: कम्पनी प्रतिवर्ष लाभांश की घोषणा करती है ।

अतुल ने, जो कम्पनी का वित्तीय प्रबन्धक है, विकास के आशाजनक अवसरों की पहचान की है । उसने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सुझाव दिया है कि प्रतिवर्ष लाभांश की घोषणा करने की अपेक्षा आवश्यक निवेशों के वित्त के लिए लाभों को प्रतिधारित किया जाए । इसके लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अंशधारियों की एक सामान्य जन सभा (आम बैठक) बुलाने का निर्णय लिया ।

(i) उपरोक्त चर्चित लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले दो घटकों को पहचानिए ।

(ii) ऐसे दो अन्य घटकों का उल्लेख कीजिए जो एक कम्पनी के लाभांश निर्णय को प्रभावित करते हैं । **4**

31. (a) सामान्य प्रबन्ध के निम्नलिखित सिद्धान्तों को समझाइए : **6**

(i) सोपान शृंखला

(ii) समता

(iii) पहल-क्षमता

**अथवा**

(b) 'प्रबंध के उद्देश्यों को संगठनात्मक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत उद्देश्यों में वर्गीकृत किया जा सकता है ।' इन उद्देश्यों को समझाइए । **6**

32. (a) प्रबन्ध के 'नियोजन' कार्य के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दुओं को समझाइए : **6**

(i) नियोजन निर्देशन की व्यवस्था करता है ।

(ii) नियोजन, नव-प्रवर्तन विचारों को प्रोत्साहित करता है ।

(iii) नियोजन, अनिश्चितता की जोखिम को कम करता है ।

**अथवा**

(b) उद्देश्य, नियम एवं बजट को योजना के प्रकारों के रूप में समझाइए । **6**

30. VK Ltd. is a fast moving consumer goods company. It has shareholders spread all over India. Most of its shareholders depend upon a regular income from their investment.

VK Ltd. has been earning consistent profits. The management of the company keeps in mind the preference of the shareholders regarding payment of dividend. Since its shareholders, in general, desire that atleast a certain amount is paid as dividend to them every year, the company declares dividend every year.

Atul, the Finance Manager of the company identified promising growth opportunities. He suggested to the Chief Executive Officer to retain the earnings to finance the required investments instead of declaring dividend every year. For this, the Chief Executive Officer decided to call a General Body Meeting of the shareholders.

(i) Identify two factors affecting dividend decision discussed above.

(ii) State two other factors that affect the dividend decision of a company. **4**

31. (a) Explain the following principles of General Management : **6**

(i) Scalar chain

(ii) Equity

(iii) Initiative

**OR**

(b) 'Objectives of Management can be classified into organisational, social and personal objectives.' Explain these objectives. **6**

32. (a) Explain the following points of importance of 'Planning' function of management : **6**

(i) Planning provides directions.

(ii) Planning promotes innovative ideas.

(iii) Planning reduces the risk of uncertainty.

**OR**

(b) Explain 'Objectives', 'Rule' and 'Budget' as types of plans. **6**

33. यात्रियों की गतिशीलता को बढ़ाने के लिए डी जी लिमिटेड ने, जो एक ई-प्लेन कार कम्पनी है, एक उड़ने वाली क्रांतिकारी कार विकसित की है । यह हाइब्रिड उड़ने वाली कार दो व्यक्तियों के अनुरूप है और सुविधाजनक प्रवेश के लिए इसके दरवाजे की तरह अभिनव पंख जैसी विशेषताएँ हैं । सीटों को अत्यधिक सुविधाजनक ढंग से उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से डिज़ाइन किया गया है ।

इस उड़ने वाली कार की विशिष्ट विशेषता यह है कि इसका निर्माण भारत में किया जाएगा और यह इलेक्ट्रिसिटी (बिज़ली) के साथ-साथ जैव-ईंधन का उपयोग भी करेगी और परिवहन के स्थायी साधन को आश्वस्त करेगी ।

इस श्रेणी में डी जी लिमिटेड को प्रथम परीक्षण स्वीकृति मिल गई है । इसकी कीमत ₹ 2.5 करोड़ निश्चित की गई है, कम्पनी को अभी उपभोक्ताओं को छूट तथा उधार शर्तों इत्यादि के बारे में निर्णय लेने हैं ताकि उपभोक्ता कीमत को उत्पादन के मूल्य के साथ देख सकें ।

उड़ने वाली कार को लक्षित उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के लिए डी जी लिमिटेड उन विक्रेताओं अथवा मध्यस्थों के चयन तथा मध्यस्थों को सहायता इत्यादि प्रदान करने की प्रक्रिया में है जो उपभोक्ताओं तक पहुँच सकते हैं ।

लक्षित उपभोक्ताओं तक उत्पाद की उपलब्धता, विशेषताएँ, लाभ इत्यादि पहुँचाने तथा उन्हें उड़ने वाली कार क्रय करने के लिए अभिप्रेरित करने के लिए डी जी लिमिटेड ने यह निर्णय लिया है कि वह डिजिटल विपणन अभियान, प्रेस विज्ञप्ति तथा प्रभावशाली व्यक्तियों एवं पत्रकारों द्वारा प्रदर्शनों का आयोजन करेगी ।

उपरोक्त स्थिति में डी जी लिमिटेड द्वारा अपनी बाज़ार प्रस्तुति को तैयार करने के लिए उपयोग में लाए गए घटकों के एक संयोजन की चर्चा की गई है ।

उपर्युक्त अनुच्छेद से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए घटकों को पहचानिए एवं समझाइए । **6**

34. 'रॉयल ग्लेज़ लिमिटेड' विश्व में सबसे बड़ी उपभोक्ता वस्तुओं की कम्पनियों में से एक कम्पनी की अपनी स्थिति को बनाए रखती है । इसके संगठनात्मक ढाँचे का डिज़ाइन इसके उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायता करता है और इसके लक्ष्यों के विवरण के साथ एक पंक्ति में चलता है । अपने संगठनात्मक ढाँचे में कम्पनी के दो विशिष्ट उत्पाद विभाग हैं – 'फूड्स' तथा 'होम केयर' ।

भविष्य को देखते हुए कम्पनी परिवर्तनों को अपनाने के लिए अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहती है ताकि यह बाज़ार में अपने नेतृत्व को बनाए रख सके । अपनी विस्तार योजना के एक भाग के रूप में यह निकट भविष्य में 'इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र' में प्रवेश करने की योजना बना रही है ।

(i) 'रॉयल ग्लेज़ लिमिटेड' के संगठनात्मक ढाँचे को पहचानिए ।

(ii) इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की भावी योजना को ध्यान में रखते हुए 'रॉयल ग्लेज़ लिमिटेड' के संगठनात्मक ढाँचे का चार्ट बनाइए ।

(iii) उपरोक्त (ii) में बनाए गए संगठनात्मक ढाँचे के प्रकार के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । **6**

33. DG Ltd., an E-plane car company has developed a revolutionary flying car for passenger mobility. This hybrid flying car can accommodate upto two persons and features innovative wing like doors for comfortable entry. The seats are designed for utmost comfort, crafted from high quality materials.

The distinguishing feature of this flying car is that its production will be in India and it will utilise biofuel alongside electricity, ensuring a sustainable mode of transportation.

DG Ltd. has obtained the first testing approval for its category. Priced at ₹ 2.5 crores, the company has to take decisions in respect of discounts to customers, credit terms etc., so that the customers perceive the price to be in line with the value of the product.

To make the flying car available to the target customers, DG Ltd. is in the process of selecting dealers or intermediaries to reach the customers, providing support to the intermediaries etc.

To communicate the availability, features, merits etc. of the product to the target customers and persuade them to buy the flying car. DG Ltd. decided to go in for digital marketing campaigns, press releases and demos conducted by influencers and journalists.

The above case describes the combination of elements used by DG Ltd. to prepare its market offering.

Quoting lines from the above para, identify and explain the elements. **6**

34. 'Royal Glaze Ltd.' continues to maintain its position as one of the largest consumer goods companies in the world. Its organisational structure is designed to facilitate the achievement of its objectives in alignment with its vision statement. The company maintains two distinct product divisions in its organisational structure – 'Foods' and 'Home Care'.

Looking ahead, the company is focusing on embracing changes so that it can continue to be the market leader. As part of its expansion plans, it is planning to venture into the electronics segment in the near future.

(i) Identify the organisational structure of 'Royal Glaze Ltd'.

(ii) Draw the organisational structure chart of 'Royal Glaze Ltd.' considering its future plans to enter into Electronics segment.

(iii) State any three advantages of the type of organisational structure drawn in (ii) above. **6**